# वाक्य (Part-2)

अर्थ के आधार पर – 8

1. **विधि या विधान वाचक वाक्य** – जिस वाक्य से क्रिया के होने या करने का बोध होता है। उसे विधि या विधानवाचक वाक्य कहते है।

- मोहन अच्छा गाता है।
- राम अपने घर जाता है।
- राजा नगर में आए।
- नदी बह रही है।
- शेर गुफा के अन्दर है।
- भारत एक महान देश है।
- मैंने चार रोटी खायी।

ममता खाना बनाती है।

अमन खेत में काम करता है

**2. निषेधवाचक वाक्य** – जिस वाक्य से किसी कार्य के न होने या निषेधात्मक बोध हो वहाँ निषेधवाचक वाक्य कहलाता है।

* मोहन बाजार नही गया।
* हम शादी मे नही जायेंगे।
* मैं आज दफ्तर नही गया।
* अमन क्रिकेट खेलने नही जायेगा।

**3. आज्ञावाचक वाक्य** – जिस वाक्य से आज्ञा, अनुरोध, आदेश आदि का बोध होता है। उसे आज्ञा वाचक वाक्य कहते है।

* यही बैठकर पढ़ों ।
* राजीव घर जाओ ।
* सदा सत्य बोलो ।
* अमित बाजार से फल ले आओ ।
* कृपया शान्त बैठ जाइए ।
* कृपया सभी बच्चें अपनी पुस्तक पढ़े ।

**4. विस्मयवाचक वाक्य** – जिस वाक्य से आश्चर्य, शोक, हर्ष, दुःख आदि का बोध हो उसे विस्मयवाचक वाक्य कहते हैं

!

→ विस्मयबोधक चिह्न

- वाह ! हम जीत गए। (हर्ष)
- ओह ! यह कितनी वीभत्स सड़क दुर्घटना है। (शोक)
- अरे ! वह उत्तीर्ण हो गया। आश्चर्य
- काश ! मैं जवान होता।
- अहा ! कितना सुन्दर मौसम है। - हर्ष
- हाय ! मैं गरीब मारा गया। दुःख
- छि ! कितना गंदा स्थान है।

**5. सन्देहवाचक वाक्य** – जिस वाक्य से किसी प्रकार के सन्देह या सम्भावना का बोध होता है। उसे सन्देहवाचक वाक्य कहते हैं।

- शायद माताजी आयी होगीं।
- राम पढ़ रहा होगा।
- शायद वह लिखता होगा।
- वह अब जा चुका होगा।
- शायद आज राम रावण का वध करेगा।
- संभवतः वह सुधर गया।
- शायद वह अभी तक नहीं पहुंचा है।
- शायद आज बहुत तेज बारिश हो सकती है।

**6. इच्छावाचक वाक्य** – जिस वाक्य से शुभकामना या इच्छा एवं आशीर्वाद का बोध हो उसे इच्छा वाचक वाक्य कहते है।

- ईश्वर आपकी यात्रा सफल करें।
- तुम्हें कामयाबी मिले।
- आप जीवन में उन्नति करें।
- भगवान तुम्हारी मनोकामना पूरी करें।
- आपकी यात्रा मंगलमय हो।
- दीर्घायु हो।
- तुम अपने कार्य में सफल रहो।

DSSSB
TGT
Hindi
अध्यापक

Gam — संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय, वाक्य


रोजगार जागरूकता Meet-up
ANKIT BHATI SIR WITH RWA TEAM
राजस्थान
12 M
का Celebration होगा आपके बीच
7th April 2024 11:00 AM
MANNAT MARRIAGE GARDEN
RIDHI SIDHI CIRCLE
GOPALPURA BYPASS, JAIPUR RAJASTHAN
JOIN US ON
DOWNLOAD THE RWA APP NOW
Google Play

**7. संकेतवाचक वाक्य** – जिस वाक्य से किसी संकेत या एक वाक्य दूसरे वाक्य की सम्भावना पर निर्भर करता है। उसे संकेतवाचक वाक्य कहते है।

- यदि वह जीतेगा तो इनाम मिलेगा।
- यदि मैं आपको पहले जानता तो आप पर विश्वास नहीं करता।
- अगर तुम परिश्रम करते तो आज सफल हो जाते।
- अगर बारिश अच्छी होती तो फसल भी अच्छी होती।
- अगर आज तुम जल्दी उठ जाते तो स्कूल के लिए लेट नहीं होते।
- यदि तुम थोड़ा और तेज चलते तो बस नहीं छूटती।
- अगर तुम समय बर्बाद नहीं करते तो तुम्हारा ये हाल नहीं होता।

**8. प्रश्नवाचक वाक्य** – जिस वाक्य से किसी तरह के प्रश्न पूछे जाने का बोध हो उसे प्रश्नवाचक वाक्य कहते हैं।

- क्या वह पढ़ता है?
- वह क्या खेलता है?
- तुम किस कक्षा में पढ़ते हो?
- आप क्या करते हो?
- तुम अपने घर कब जाओगे?
- उसका नाम क्या है?
- क्या आप कल मेरे यहाँ आए थे?

समाप्त

Youtube

9am